p;

Title: Demand of relief to mitigate the hardships caused to farmers of Rajasthan affected by hailstorm.

श्रीमती प्रभा ठाकुर : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहती हूं, जहां ओलावृष्टि से करोड़ों रुपये की फसल बर्बाद हुई है, मवेशी मारे गये हैं और एक बड़े भू-भाग में हजारों-लाखों किसान बर्बाद हो गये हैं। मुझे अफसोस होता है कि इस बड़ी आपदा पर प्रधान मंत्री जी की ओर से इस सदन में कोई जिक्र नहीं किया गया है। राहत पहुंचाने की बात तो दूर की है, इस पर कोई दुख भी प्रकट नहीं किया गया है। वहां की भाजपा सरकार से किसानों को कोई सहायता मिलने की आशा नहीं है क्योंकि वहां की सरकार का किसानों से सहयोग करने का कोई रवैया नहीं है। इसलिए मैं आपके माध्यम से प्रधान मंत्री जी से अपील करना चाहती हूं कि वहां के किसानों को राहत पहुंचाने के लिए कोई घोषणा करें तथा साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि जो राशि दी जाए वह क्षतिग्रस्त किसानों तक पहुंचे। धन्यवाद।